फ्रीगंज में कार से आए बदमाशों ने चुराये एक करोड़ के मोबाइल

- सीसीटीवी कैमरे में कैद वारदात,
- दो दुकानों को बनाया निशान

उज्जैन। शहर में पुलिस कंट्रोल रूम और माधव नगर थाना क्षेत्र से चंद कदमों की दूरी पर शुक्रवार शनिवार रात बदमाशों ने धावा बोला और दो मोबाइल दुकान के शटर उसका कर करीब एक करोड रुपए कीमत के मोबाइल चोरी कर लिए। पुलिस जांच में बदमाश कार से आना सामने आये है। कैमरों की मदद से बदमाशों के भागने वाले रास्तों को ट्रेस किया जा रहा है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के फ्रीगंज में शनिवार सुबह हाई चॉइस मोबाइल दुकान संचालक नरेश सितलानी को मॉर्निंग वॉक पर निकले परिचित ने दुकान का शटर खुला होने की सूचना दी नरेश दुकान पर पहुंचे तो नजर देख उनके होश उड़ गए। दुकान में चोरी की बड़ी वारदात हुई थी। उन्होंने पुलिस को सूचना दी तभी पता चला कि बदमाशों ने उनकी दुकान के साथ ही कुछ दूरी पर एसएस मोबाइल दुकान पर भी वारदात को अंजाम दिया। एसएस मोबाइल दुकान संचालक भी खबर मिलते ही पहुंचा। नरेश सितलानी ने बताया कि बदमाश उनकी दुकान से करीब 45 लाख रुपए कीमत के मोबाइल चुरा कर ले गए। वहीं एसएस मोबाइल दुकान संचालक के यहां से करीब 60 लाख रुपए के मोबाइल और मोबाइल से जुड़ी सामग्री चोरी हुई है। बदमाशों ने कुछ नगदी पर भी हाथ साफ किया है। मोबाइल दुकानों में बड़ी चोरी की वारदात होने पर जांच के लिए फिंगर प्रिंट टीम को बुलाया गया। इस दौरान सामने आया कि बदमाश काफी शातिर थे उन्होंने वारदात को अंजाम देने से पहले हाथों में ग्लव्स पहन रखे थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है बदमाशों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं।

फुटेज में दिखे चार बदमाश

पुलिस द्वारा जांच शुरू कर मोबाइल दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गए। हाई च्वॉईस दुकान के फुटेज देखने पर सामने आया कि बदमाशों की संख्या 4 थी और वे कार से आए थे। एक बदमाश कार में ही बैठा था। तीन बदमाशों ने दुकान का शटर तोड़ा। कुछ देर में ही उन्होंने 40 से 45 लाख के मोबाइल अपने बैग में भरे और बाहर निकल गए। इस दौरान उन्होंने दुकान में लगा कांच का गेट बंद भी किया। वहीं शटर गिराने का प्रयास करते दिखे। शटर नीचे नहीं होने पर दुकान खुली ही छोड़कर चल दिए। वारदात रात 3 बजे के लगभग होना सामने आ रहा है। एसएस मोबाइल दुकान में लगे कैमरे भी पुलिस खंगाल रही है। वहीं एक टीम द्वारा बदमाशों के आने और जाने वाले रास्तों को भी ट्रेस कर कैमरों के फुटेज देखे जा रहे हैं। कार का नंबर ट्रेस करने की कोशिश हो रही है। बदमाश बाहरी हो सकते हैं।

इंतजार खत्म अब सतीगेट मार्ग दोनों ओर से होगा चौड़ा

6 दुकानदारों को नगर निगम का नोटिस, 10-10 फीट जमीन ली जाएगी, निगम ने दिखाई सख्ती

अधिकारियों की दो-टूक, रविवार आपका, सोमवार हमारा, नवभारत की खबर का असर, चौड़ीकरण की राह में आ रही बाधा दूर

उज्जैन। आखिर वह घड़ी आ ही गई, जिसका शहरवासियों को लंबे समय से इंतजार था। कंठाल चौराहा से सती गेट, बड़ा सराफा और छत्री चौक तक चल रहे विकास, सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण अभियान के तहत अब सती गेट मार्ग का भी दोनों ओर से विस्तार किया जाएगा। नगर निगम ने इस दिशा में बड़ी कार्रवाई करते हुए भाजपा नेता रूप पमनानी समेत छह दुकानदारों को नोटिस जारी कर दिया है। अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है, रविवार आपका, सोमवार हमारा।

गौरतलब है कि नवभारत ने शनिवार के अंक में प्रमुखता से

समाचार प्रकाशित कर यह मुद्दा उठाया था कि सती गेट मार्ग के चौड़ीकरण में कुछ दुकानदारों द्वारा प्रभाव का उपयोग कर कार्य रुकवाया जा रहा है। समाचार प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और नगर निगम ने तत्काल संबंधित छह दुकानदारों को नोटिस जारी कर दिए। पमनानी की मनमानी से रुका सती गेट का प्रोजेक्ट, समाचार इस शीर्षक के साथ प्रकाशित कर जारी किया गया था। जिससे हलचल मची और नगर निगम ने ताबड़तोड़ शनिवार को ही पमनानी सहित सभी को नोटिस जारी कर दिया। शनिवार को नगर निगम के अपर आयुक्त संतोष टैगोर ने भी मौके का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रशासन का कहना है कि चौड़ीकरण का कार्य बिना किसी भेदभाव के पूरा किया जाएगा, जिससे सती गेट मार्ग का नया और व्यवस्थित स्वरूप शहर के सामने आएगा।

दस-दस फीट जगह लेंगे

नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार मार्ग के दोनों ओर से 10-10 फीट भूमि अधिग्रहित कर सड़क का समान रूप से चौड़ीकरण किया जाएगा। अब तक एक ही ओर से कई बार भूमि ली जा चुकी थी, जबकि दूसरी ओर निर्माण यथावत बने हुए थे। इसे लेकर रहवासियों, व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों में लंबे समय से असंतोष था। उनका कहना था कि विकास कार्य में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। नोटिस मिलने के बाद संबंधित दुकानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया जाएगा। यदि तय समय में कार्रवाई नहीं हुई तो निगम जेसीबी और बुलडोजर के माध्यम से निर्माण हटाकर चौड़ीकरण का कार्य शुरू करेगा।

मुख्यमंत्री ने भी किया भ्रमण

शुक्रवार रात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वयं क्षेत्र का भ्रमण कर विकास कार्यों का जायजा लिया था। उन्होंने रहवासियों और व्यापारियों से चर्चा करते हुए स्पष्ट कहा था कि यदि किसी को कोई समस्या है तो वह बताएं। अधिकांश ने चौड़ीकरण शहर के हित में बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के कई परिवारों ने विकास कार्यों के लिए स्वेच्छा से अपने मकान और दुकानें हटाईं तथा करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि सार्वजनिक हित में छोड़ी। उनका मानना है कि दोनों ओर से समान चौड़ीकरण होने से यातायात सुगम होगा और महाकाल दर्शन के लिए आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के साथ शहरवासियों को भी इसका लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री का अभिनंदन

उज्जैन। मध्य प्रदेश शासन द्वारा सभी विभागों में युद्ध स्तर पर की जा रही कर्मचारियों की पदोन्नति से प्रदेश के कर्मचारी जगत में हर्ष व्याप्त है। कर्मचारियों को पदोन्नति की यह बड़ी सौगात देने पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की उज्जैन जिला एवं संभाग इकाई ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नगर आगमन पर उनका भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। संघ के जिला प्रवक्ता राकेश पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निजी संकल्प के कारण ही कर्मचारियों की रुकी हुई पदोन्नति संभव हो सकी है। उनके इस ऐतिहासिक निर्णय पर आभार व्यक्त करने के लिए प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

भैरवगढ़ और आगर रोड पर दुर्घटना में दो लोगों की मौत

उज्जैन। दो मार्गों पर हुई सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। दोनों मामलों में दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन अज्ञात होना बताए जा रहे हैं। शनिवार सुबह दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस वाहनों का पता लगाने के लिए कैमरों के फुटेज देख रही है।

पहली सड़क दुर्घटना भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के उन्हेल मार्ग स्थित सारीबारी मोड़ पर हुई। शाम 5 बजे के लगभग तेज गति से चार पहिया वाहन ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल स्कूटी सवार सड़क पर पड़ा था। उसी दौरान मौके से एएसपी आलोक शर्मा का वहां से गुजरना हुआ। उन्होंने घायल को देखा तो अस्पताल पहुंचाया। जहां घायल की मौत हो गई। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने जानकारी मिलने पर मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किए। इस दौरान मृतक अनिल पिता नाथूलाल देपन 38 साल निवासी ग्राम सोड़ंग का रहने वाला सामने आया। परिजन जानकारी मिलने पर अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम किया। इस दौरान घटना स्थल पर जांच के लिए पहुंची पुलिस को पता चला कि चार पहिया वाहन अज्ञात था और उन्हेल की ओर गया है। वहीं परिजनों ने बताया कि अनिल चार बच्चों का पिता था और खेती किसानी का काम करता था। वह खेत से शाम को अपने घर लौट रहा था। दूसरी सड़क दुर्घटना आगर रोड पर रात 10 बजे के लगभग हुई। सायकल सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सायकल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस घटना स्थल आगर रोड स्थित माथुर वैश्य धर्मशाला के सामने गायत्री नगर पहुंची। मृतक की पहचान संतोष पिता मुंशीलाल भिलाला 39 साल निवासी कानीपुरा के रूप में हुई। परिजन सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे। इस दौरान पता चला कि संतोष इलेक्ट्रिक का काम करता था और दो बच्चों का पिता था। वह रात में गायत्री नगर से अपने घर लौटने के लिए सायकल से निकला था। चिमनगंज पुलिस के अनुसार टक्कर मारने वाला वाहन अज्ञात है।

एक नजर में

अजाक्स ने जताया आभार एवं स्वागत किया

उज्जैन। अजाक्स संगठन लंबे समय से पदोन्नति सूची जारी करने की सरकार से मांग कर रहा था। इसी मांग की ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कर्मचारी हित में निर्णय लेते हुए पदोन्नति सूची जारी करने के आदेश दिए हैं। अजाक्स संगठन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्णय का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। जिला अध्यक्ष डॉ. आरएल परमार ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों के हित में पदोन्नति सूची जारी करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्णय से कर्मचारियों में खुशी और उत्साह का माहौल है। मुख्यमंत्री के उज्जैन आगमन पर अजाक्स संगठन के पदाधिकारी उनके निवास पहुंचे और उनका स्वागत कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान संगठन ने मुख्यमंत्री से चर्चा कर अपनी अन्य लंबित मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा तथा उन्हें शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया। इस अवसर पर महेश बिरोलिया, रमेश चंद्र चंगेसिया, डॉ. कानिया मेड़ा, डॉ. प्रमोद कुमार मालवीय, डॉ. आरएल परमार, डॉ. मोहन निंबोले, रमेशचंद्र सूर्यवंशी, राजेश सूर्यवंशी, करण परमार, अविनाश गुजराती, जीएल थागोड़े सहित अजाक्स संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



सीएम को सौंपा ज्ञापन, कलेक्टर से चर्चा

उज्जैन। शहर में चल रहे विकास और चौड़ीकरण कार्यों को देखते हुए बाबा महाकाल की सवारी नए और व्यापक मार्ग से निकालने की मांग उठी है। इंदौर गेट व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष व पूर्व मंडी डायरेक्टर गोपाल यादव ने मुख्यमंत्री से रूबरू मुलाकात कर उन्हें इस संबंध में पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने इस विषय पर तुरंत कलेक्टर से चर्चा भी की है। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्तमान में सवारी मार्ग के ढाबा रोड व सराफा क्षेत्र में चौड़ीकरण कार्य प्रचलित है। आमजन को असुविधा से बचाने और शत-प्रतिशत श्रद्धालुओं को दर्शन लाभ देने के लिए सवारी को नवीन प्रस्तावित मार्ग से निकाला जाना चाहिए। पत्र के अनुसार महाकाल मंदिर से क्षिप्रा नदी तक सवारी परम्परागत मार्ग से निकाली जावें। क्षिप्रा पूजन के पश्चात रामानुजकोट, दानीगेट, बिलोटीपुरा, केडी गेट, खजूरवाली मस्जिद से गीता कालोनी, निकास, बड़ा तेलीवाड़ा, कंठाल, नईसड़क, एटलस चौराहा, दौलतगंज, इंदौरगेट, हरिफाटक ब्रिज, महाकाल लोक होकर सीधे ही महाकाल मंदिर पहुंचे। पत्र में मांग की गई है कि महाकाल मंदिर पहुंचने का समय जो संध्या 7 बजे का है, उसे बढ़ाकर रात्रि 10 बजे तक किया जावे ताकि समय पर शयन आरती हो सके।

जन्माष्टमी : यादव समाज की बैठक आज

उज्जैन। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर्व जन्माष्टमी पर 4 सितंबर को यादव अहीर समाज द्वारा आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण का पूजन कर समाज जनों का चल समारोह निकलेगा। जन्माष्टमी पर्व की तैयारी को लेकर यादव महासभा नगर उज्जैन द्वारा समाज जनों की बैठक आज 12 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे शिप्रा गार्डन नीलगंगा अखाड़े के पास आयोजित की गई है। यादव महासभा के नारायण यादव ने बताया कि इस वर्ष भी भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर 4 सितंबर को जन्माष्टमी पर्व यादव समाजजन द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण का पूजन कर पालकी में विराजित कर यादव समाज जनों का चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकलेगा। जन्माष्टमी पर्व चल समारोह की तैयारी को लेकर यादव महासभा नगर के पदाधिकारी व सभी समाज जनों की बैठक रविवार को सुबह 10 बजे नीलगंगा अखाड़े के पास स्थित शिप्रा गार्डन पर आयोजित की गई। बैठक में जन्माष्टमी पर्व चल समारोह समिति का गठन करने, जन्माष्टमी पर्व की को लेकर तैयारियों के संबंध चर्चा की जाएगी। बैठक में समाजजनों के सुझाव भी लिए जाएंगे।

बास्केटबॉल के लिए उज्जैन की टीम घोषित

उज्जैन। मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में इंदौर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अस्मिता सीनियर महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन की बालिका टीम घोषित कर दी गई है। स्पर्धा में उज्जैन की टीम का नेतृत्व हर्षिता राय करेंगी। संगठन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि 12 से 15 जुलाई तक होने वाली इस चैंपियनशिप के लिए टीम में हर्षिता राय (कप्तान), समीक्षा भदौरिया, सेजल डागर, वृतिका कुरैल, तेजस्वी मांगरोले, परी मित्तल, खुशी आनंद, रिया करडवाल और अंकिता गोंदिया का चयन किया गया है। टीम की कोच मनीषा पंवार और मैनेजर प्रगति जैन होंगी। टीम के चयन और आगामी स्पर्धा में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए संगठन की अध्यक्ष ज्योति शर्मा, प्रशिक्षक विनोद पांचाल और प्रियंका संत ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

एमबीबीएस सीट दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले सिलीगुड़ी से गिरफ्तार

- 15 फरवरी से 17 फरवरी 2026 के मध्य 4 लाख 25 हजार ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए

उज्जैन। एमबीबीएस में सीट दिलाने के नाम पर हुई धोखाधड़ी में शामिल मुख्य आरोपी को पुलिस पश्चिम बंगाल सिलीगुड़ी से गिरफ्तार कर उज्जैन लाई है। आरोपी का साथी पूर्व में गिरफ्तार हो चुका था।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि मार्च माह में सतीश चंद्र पटेल निवासी मंच्छामन कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पुत्र के एमबीबीएस प्रवेश के नाम पर एक व्यक्ति ने स्वयं को कटिहार मेडिकल कॉलेज, बिहार का प्राचार्य बताकर संपर्क किया। आरोपी ने कॉलेज में सीट रिक्त होने का झांसा देकर फरियादी से विभिन्न शैक्षणिक एवं पहचान संबंधी दस्तावेज प्राप्त किए तथा सीट बुकिंग के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में 15 फरवरी से 17 फरवरी 2026 के मध्य 4,25,000/- ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए।

राशि प्राप्त करने के बाद आरोपी ने व्हाट्सएप पर एनएमसी पत्र, आवंटन पत्र एवं अन्य कूटरचित दस्तावेज भेजे। बाद में फरियादी जब कटिहार मेडिकल कॉलेज पहुंचे तो वास्तविक प्राचार्य से जानकारी मिली कि उक्त मोबाइल नंबर उनका नहीं है, कॉलेज में कोई सीट रिक्त नहीं थी तथा उनके साथ धोखाधड़ी की गई है। मामले में प्रकरण दर्ज कर एक आरोपी को दो माह पहले पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया गया था जिससे पूछताछ में मुख्य आरोपी के संबंध में जानकारी मिली थी

जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी थे लंबे प्रयास के बाद पुख्ता जानकारी मिलने पर एक टीम सिलीगुड़ी पहुंची थी जहां से धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी सुमन्त्र गुप्ता पिता सैबल गुप्ता, उम्र 45 वर्ष, निवासी सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल को न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर उज्जैन लाया गया है। आरोपी पूर्व में भी देश के कई राज्यों में एडमिशन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर चुका है।

26 को महर्षि गौतम समाजोत्थान न्यास की वार्षिक साधारण सभा

उज्जैन। महर्षि गौतम समाजोत्थान न्यास, फ्रीगंज की वार्षिक साधारण सभा (Annual General Meeting) का आयोजन रविवार, 26 जुलाई को प्रातः 10 बजे शर्मा परिसर, देवास रोड, उज्जैन में आयोजित किया जाएगा। न्यास के सचिव मनोज व्यास ने बताया कि सभा में वित्तीय वर्ष 2025-2026 की ऑडिटेड आय-व्यय एवं बैलेंस शीट अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की जाएगी। इसके साथ ही अध्यक्ष की अनुमति से न्यास एवं समाजहित से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने न्यास के सभी सम्मानित ट्रस्टियों से समय पर उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि न्यास की प्रगति, पारदर्शिता और समाजोत्थान के उद्देश्यों की पूर्ति में सभी न्यासियों की सक्रिय सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

एकादशी के पावन पर्व पर पौधारोपण कार्यक्रम

- मप्रजन अभियान परिषद नव अंकुर संस्था देवी अवंतिका का आयोजन

उज्जैन। एकादशी पर एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नव अंकुर संस्था देवी अवंतिका सामाजिक युवा कल्याण समिति एवं संकल्प समर्थ ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में मक्सी रोड स्थित शंकरपुर हनुमान मंदिर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पीपल, नीम, जामुन, कचनार, बेलपत्र सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। सभी पौधों के संरक्षण एवं नियमित

देखभाल की जिम्मेदारी संकल्प समर्थ ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष विजय शर्मा ने ली। इस अवसर पर करुणा शितोले ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधों की सुरक्षा के लिए सोनू डोडिया द्वारा टिकट की व्यवस्था की गई कार्यक्रम में विशेष रूप से सत्यवती शर्मा कालू गंगाधर जैन सभी उपस्थित सदस्यों एवं नागरिकों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

ट्रेन में यात्रा कर रहा ड्रग्स तस्कर हिरासत में आया, आरपीएफ को मिली बड़ी सफलता

उज्जैन। ट्रेन में मादक पदार्थ के साथ यात्रा कर रहे युवक की सूचना मिलने पर आरपीएफ ने ट्रेन के उज्जैन पहुंचते ही सर्चिंग शुरू की और एस-1 कोच में सवार युवक को हिरासत में लिया। उसके पास से 80 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई है। जिसे इंदौर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के सुपुर्द किया गया है। आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव ने बताया कि वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अमित प्रकाश मिश्रा के निर्देशन में जयपुर मनारगुडी से एक्सप्रेस से ड्रग्स तस्करीम का इनपुट मिला था। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर स्टाफ के साथ चेकिंग शुरू की गई। कोच एस-1 में पिट्टू बैग लेकर बैठे युवक को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया और बैग की तलाशी ली तो उसमें से 80 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। युवक को कोच से आरपीएफ पोस्ट लाया गया। जहां पूछताछ में उसका नाम राजू विश्नोई पिता भंवरलाल निवासी ग्राम पीथावास जिला जोधपुर होना सामने आया। उसके पास से बरामद ड्रग्स 10 लाख रुपए कीमत की होना सामने आई है। युवक को इंदौर नारकोटिस कंट्रोल ब्यूरो के सुपुर्द किया गया है जहां उससे पूछताछ कर ड्रग्स तस्करी के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

नीलम बनीं जैन महिलपा परिषद में उपाध्यक्ष

उज्जैन। नीलम पांड्या को अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। उनके इस मनोनयन पर समाजजनों में हर्ष व्याप्त है। नीलम पांड्या पूर्व में भी परिषद की प्रांतीय अध्यक्ष सहित कई अहम केंद्रीय और प्रांतीय पदों की जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। संस्था के प्रति उनका सतत समर्पण और कर्मनिष्ठ व्यवहार उन्हें इस महत्वपूर्ण पद के लिए उपयुक्त बनाता है। केंद्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर स्नेहलता विनायका, संगीता सोगानी, रचना भारिल्ल, मधु कोठारी, डॉली वोहरा, श्रुति बड़जात्या, अंजू गंगवाल, राखी जैन, नीलज छाबड़ा, ज्योति जैन, मीना भूषण और भावना जैन ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

9 अगस्त को होगी चारद्वार साइकिल यात्रा

उज्जैन। सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल द्वारा 9 अगस्त को आयोजित होने वाली चारद्वार साइकिल यात्रा-2026 के सफल संचालन के लिए संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा कर दी गई है। संस्था ने अमित पंड्या को यात्रा का संयोजक तथा रोहित येवले को सह-संयोजक नियुक्त किया है। संस्था के अध्यक्ष उत्कर्ष सिंह सेंगर एवं सचिव विवेक मेश्राम ने इन नियुक्तियों की जानकारी दी।

एक नजर में — अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रविंद्र पुरी जी सहित कई संत शामिल हुए

जूना अखाड़ा में 13 व 16 मढ़ी के नवीन भवन का निर्माण, हरि गिरि ने किया पूजन

उज्जैन। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा नृसिंहघाट के पास उज्जैन में 13 मढ़ी एवं 16 मढ़ी के नवीन भवन निर्माण के अंतर्गत लैंटर का पूजन महंत हरि गिरि महाराज ने किया।

इस मौके पर अभा अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं पंचायती निरंजनी अखाड़ा के सचिव महंत रविन्द्र पुरी महाराज, महंत नारायण गिरि, महेश पुरी, कंचन गिरि, आनंदेश्वरानंद गिरि, महंत रामेश्वरम गिरि, महंत आनंदपुरी, महंत धीरेन्द्र पुरी सहित अनेक संत-महंत ने मौजूद रहे। पूजन-अर्चन कर संतों ने नवीन भवन निर्माण की सफलता एवं अखाड़े की निरंतर उन्नति की कामना की। कार्यक्रम में दत्त अखाड़ा के पीर महंत सुंदरपुरी महाराज, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता गोविंद सोलंकी, थानापति महंत नीलकंठ गिरि, डॉ. राहुल कटारिया भी उपस्थित रहे।

उज्जैन के बगलामुखी में दक्षिण भारत के कलाकार 50 लाख के रंग से कर रहे पेंटिंग

-उज्जैन। नगर के भैरवगढ़ रोड पर स्थित मां बगलामुखी धाम मंदिर में इन दिनों दक्षिण भारत से 15 चित्रकारों की एक पूरी टीम आई हुई है जो मंदिर परिसर में शिखर से लेकर दीवारों एवं छतों पर आकर्षक चित्रकारी व रंगाई-पुताई का कार्य कर रही है। मंदिर के पीठाधीश्वर योगी पीर महंत रामनाथ महाराज ने इस कार्य के लिए विशेष रूप से इन्हें दक्षिण भारत से यहां बुलाया है। क्योंकि उक्त मंदिर दक्षिण भारतीय शैली में ही निर्माण किया गया है। इस पूरे कार्य के लिए करीब 50 लाख रुपए के ब्रांडेड कंपनी के लाल, पीले, हरे, नीले, गुलाबी सहित कई रंग मंगवाए गए है। चित्रकारी व रंगों की सजावट शारदीय नवरात्रि से पहले पूर्ण होगी।

महाकाल में 18 से सजेगा सतरंगी सावन मेला

उज्जैन। शहर के महाकाल परिसर में माहेश्वरी समाज के फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा 18 और 19 जुलाई को दो दिवसीय सतरंगी सावन मेला आयोजित किया जा रहा है। शनिवार और रविवार को आयोजित होने वाले इस मेले में सावन का उत्साह और विभिन्न आकर्षण एक साथ देखने को मिलेंगे। मेला प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा। मेले के मुख्य आकर्षणों में ढेरों शॉपिंग स्टॉल, आकर्षक खरीदारी के विकल्प, शानदार उपहार, मजेदार तंबोला और स्वादिष्ट फूड जोन शामिल रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि मेले में स्टॉल बुकिंग प्रारंभ हो चुकी है। यह बुकिंग सभी समाज के सभी वर्गों के लिए खुली है। स्टॉल बुकिंग के लिए संगीता भूतड़ा, शीतल मूंदड़ा और पायल भूतड़ा से संपर्क किया जा सकता है। बाहर से आने वाले सदस्यों की सुविधा के लिए आयोजन स्थल पर ही रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी की गई है। आयोजन को सफल बनाने और अतिथियों के स्वागत के लिए समिति की संगीता भूतड़ा, शीतल मूंदड़ा, पायल भूतड़ा, आरती सोड़ानी, निशा मूंदड़ा, सुनीता जांवधिया, निर्मला झंवर, सीमा कासट, सीमा पलोड़ और राजश्री भूतड़ा तैयारियों में जुटी हैं।